9 जून, 2023

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, पैटियो ब्रैम्पटन प्रोग्राम के लिए रेस्टोरेंट्स, बार्स और कैफेज से आवेदन स्वीकार कर रही है

## *इस गर्मी में निवासियों के लिए खाने-पीने और लोकल की हिमायत करने हेतु अधिक बाहरी जगहें तैयार की जा रही हैं*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो – गर्मी के सीजन से पहले ही, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन रेस्टोरेंट्स, बार्स और कैफेज को याद दिला रही है कि वे 31 अक्तूबर, 2023 तक म्युनिसिपल या निजी प्रॉपर्टी पर, अस्थायी सीजनल पैटियोज और बैठने वाले क्षेत्र लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की जिम्मेदारी होगी कि वह 7 नवंबर को सुबह 7 बजे तक, पैटियो को हटा ले और उस जगह को उसके वास्तविक रूप में लौटा दे।

अस्थायी पैटियो विस्तार (Temporary Patio Expansion) के लिए आवेदन-पत्र, सिटी की वेबसाइट (City's website) पर उपलब्ध है और सिटी क्लर्क के कार्यालय को ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

पैटियो ब्रैम्पटन (Patio Brampton) प्रोग्राम के द्वारा, अधिक निवासी, गर्मी के मौसम का आनंद लेने के लिए बाहर जा सकेंगे और लोकल कारोबारों की हिमायत कर पाएंगे।

**2023 में नया**

1 जनवरी, 2023 से, ओनटैरियो सरकार ने *लिकर लाइसेंस एंड कंट्रोल एक्ट, 2019* (*Liquor Licence and Control Act, 2019*) के अंतर्गत, *ओनटैरियो रेग्युलेशन 746/21 (Ontario Regulation 746/21) के सेक्शन* 153.1 के मुताबिक, म्युनिसिपल्टीज को शराब संबंधी लाइसेंसधारी जगहों के अस्थायी आउटडोर विस्तार को मंजूरी देने की योग्यता प्रदान की है। पहले, शराब संबंधी लाइसेंसों के सभी अस्थायी आउटडोर विस्तारों की मंजूरी, ए.जी.सी.ओ. (AGCO) की अथॉरिटी के अधीन थी और आवेदक को म्युनिसिपल्टी से गैर-आपत्ति का पत्र देना पड़ता था। यह केवल शराब संबंधी लाइसेंस वाले संस्थानों के लिए लाइसेंसधारी क्षेत्रों के आउटडोर विस्तारों पर लागू होता है। पहले से लाइसेंसधारी संस्थान के लिए अल्कोहल पेश करने और इसका सेवन करने के लिए, समय के विस्तार हेतु ए.जी.सी.ओ. की मंजूरी ही लेनी पड़ेगी।

1 जनवरी, 2023 से, विशेष म्युनिसिपल्टीज को अब:

- कैलंडर वर्ष में आठ महीनों तक लाइसेंसधारी जगहों के अस्थायी आउटडोर विस्तारों की मंजूरी देने का अधिकार है
- म्युनिसिपल मंजूरी के बारे में अपनी खुद की शर्तें बनाने की अनुमति है

- म्युनिसिपल्टी के द्वारा मंजूर किए आउटडोर विस्तार पर लगाई किसी भी शर्तों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं

**पृष्ठभूमि**

जून 2020 में, सिटी काउंसिल (City Council) ने, अस्थायी पैटियो विस्तार प्रोग्राम के तौर पर पैटियो ब्रैम्पटन प्रोग्राम तैयार किया था, ताकि ब्रैम्पटन के बार्स और रेस्टोरेंट्स के लिए उनके पैटियोज का विस्तार करना अधिक आसान हो सके और कोविड-19 (COVID-19) को फैलने से रोकने के लिए शारीरिक दूरी रखी जा सके। यह प्रोग्राम, 1 जनवरी, 2023 को समाप्त हो गया था।

पैटियो विस्तारों या आवेदन प्रक्रिया के बारे में सवालों के लिए, कृपया cityclerksoffice@brampton.ca पर ईमेल करें या 905.874.2113 पर फोन करें।

**लिंक:**

- पैटियो ब्रैम्पटन प्रोग्राम (Patio Brampton Program)
- अस्थायी पैटियो विस्तार ऑनलाइन आवेदन फार्म (Temporary Patio Extension Online Application Form)

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca